Literacy for a Billion

Movie: Tumko Na Bhool Paayenge
Year: 2002

Song: Kya Hua Tujhe
Lyricist: Salim Bijnori

क्या हुआ तुझे
बेचैन दिल हो रहा
क्यों हुआ भला
मुझको नहीं कुछ पता

ऐसा भी क्या हो गया रे
जाने मुझे क्या हुआ रे

धड़कनें बढीं
धड़कन तो रुक सी गई
साँसों का क्या
साँसें भी बस में नहीं

अरे रे रे
ये क्या हुआ रे
वो तो नहीं हो गया रे

क्या हुआ तुझे

हे ...

दिल की बातों को दिलबर
दिलबर

जो ना हमसे कहोगे
कहोगे
देखना ज़िन्दगी भर
तुम तड़पते रहोगे

कौन सा मोड़ है ये
कैसी ये बेखुदी है
मैं कहाँ हूँ मुझे तो
कुछ ख़बर ही नहीं है

कुछ तो ख़बर लो तुम
ज़रा अपने दिल की
दिल तो मेरा
अब पास मेरे नहीं

तेरा हुआ
क्या करूँ रे

अरे रे रे
प्यार हो गया रे
तुझसे ही प्यार हो गया रे
तुझसे ही प्यार हो गया रे

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.